# हीटस्ट्रोक से बचाव संबंधित कार्यों व उपायों पर चर्चा की

जालोर, (कासं)। बढ़ती गर्मी एवं हीटस्ट्रोक की संभावित आशंकाओं के मद्देनज़र सोमवार को जालोर उपखंड अधिकारी मनोज चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे के निर्देशानुसार हीटस्ट्रोक के बचाव और उपचार तथा चिकित्सा व्यवस्थाओं के सुढ़ढीकरण के संबंध में उपखंड अधिकारी जालोर मनोज कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में लू तापघात से बचाव और उपचार के लिए बेहतर प्रबंधन के संबंध में जालौर खंड के चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में हिटस्ट्रोक के लक्षण, प्राथमिक उपचार, जनजागरूकता तथा सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।



हीटस्ट्रोक से बचाव के संबंध में जालोर में उपखंड अधिकारी मनोज कुमार ने बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

उपखंड अधिकारी ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अस्पतालों में आवश्यक दवाइयाँ, ओआरएस, ठंडे पेयजल की व्यवस्था तथा कूलर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इसके अतिरिक्त, आमजन में जागरूकता फैलाने हेतु पोस्टर, पंपलेट्स, स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। विद्यालयों, निर्माण स्थलों, वृद्धाश्रमों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया।

उपखंड अधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि अत्यधिक गर्मी के दौरान आवश्यकतानुसार समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएँ तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने को लेकर एंबुलेंस एवं चिकित्सा दलों को सतर्क रखा जाए। बैठक में खंड जालौर के समस्त चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाइओं की ढाणी को चारणीम में लेने की मांग

जालोर, (कासं)। चितलवाना पंचायत समिति के चारणीम, गिरधर धोरा और नाइओं की ढाणी के ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि ग्राम पंचायत पुनर्गठन के प्रस्ताव में बदलाव कर नाइओं की ढाणी को फिर से चारणीम ग्राम पंचायत में शामिल किया जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि पहले राज्य सरकार ने रणोदर ग्राम पंचायत से अलग कर चारणीम को नई ग्राम पंचायत बनाने का प्रस्ताव तैयार किया था। इसमें चारणीम, गिरधर धोरा और नाइओं की ढाणी को शामिल किया था। प्रस्ताव में चारणीम को मुख्यालय बनाया गया था। बाद में नाइओं की ढाणी का हटा दिया गया। अब केवल चारणीम और गिरधर धोरा को मिलाकर ग्राम पंचायत बनाने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित ग्राम पंचायत की जनसंख्या कम हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि नाइओं की ढाणी को हटाना उचित नहीं है। यह गांव चारणीम से महज 2 से 2.5 किलोमीटर दूर है। रास्ता भी सुगम है। तीनों गांव लूणी नदी के किनारे बसे हैं। आपस में दूरी भी केवल 2 से 3 किलोमीटर है। ऐसे में नाइओं की ढाणी को चारणीम ग्राम पंचायत में शामिल करना व्यावहारिक और सुविधाजनक रहेगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि चारणीम, गिरधर धोरा और नाइओं की ढाणी को मिलाकर एक ही ग्राम पंचायत बनाई जाए।

इस दौरान रामसिंह चारणीम, भंवरसिंह किसान नेता,भरतपाल सिंह चारणीम, जयकिशन विश्नोई, सोहन लाल विश्नोई, रणछाराम मेघवाल, सांवलाराम मेघवाल, जामताराम देवासी, डायाराम भील व जीवाराम देवासी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# लोक कला नगर आवासीय योजना के आवंटन पत्र बांटे



राज्यसभा सांसद राजेन्द गहलोत, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष जसवन्त सिंह विश्नोई, विधायक सूरसागर देवेन्द्र जोशी, महापौर नगर निगम दक्षिण विनिता सेठ, जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल, जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी एवं सचिव भागीरथ विश्नोई ने भूखंडों के आवंटन पत्रों का वितरण किया।

जोधपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सोमवार, को एमआईसी में लोक कला नगर आवासीय योजना के भूखंडों हेतु आयोजित आवंटन पत्र वितरण कार्यक्रम समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त समारोह जोगाराम पटेल मंत्री के आतिथ्य में प्रस्तावित था, किन्तु अपरिहार्य कारणों से मंत्री कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकें।

समारोह के दौरान राज्यसभा सांसद राजेन्द गहलोत, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष जसवन्त सिंह विश्नोई, विधायक सूरसागर देवेन्द्र जोशी, महापौर नगर निगम दक्षिण विनिता सेठ, जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल, जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी एवं सचिव भागीरथ विश्नोई द्वारा भूखंडों के आवंटन पत्रों का वितरण किया गया।

प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के प्रभावी निर्देशन में जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लोक कलाकार, घुमन्तु, अद्धर्घुमन्तु एवं विमुक्त जातियों हेतु ग्राम चौखा के खसरा संख्या 28 में लोक कला नगर आवासीय योजना विकसित की गई है, जिसका क्षेत्रफल 200 बीघा है। योजना में लाभान्वित होने वाले श्रेणिया परम्परागत कलाकार- मिरासी, लंगा मागणियार कालबेलिया, घुमन्तु/अद्धघुमनतु/विमुक्त- गाड़िया लौहार, सांसा रेबारी, बाबरी आदि है। कार्यक्रम में लॉटरी पश्चात् चयनित 562 सफल आवेदकों को मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर के ऑडिटोरियम में समारोह के दौरान आवंटन पत्रों का वितरण किया गया। जिसमें सांकेतिक रूप से माननीय अतिथियों द्वारा 12 आवंटियों को आवंटन पत्र वितरित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

समारोह के दौरान जेडीए उपायुक्त जोन 4 अदिति पुरोहित, उपायुक्त जोन 3 जयपाल सिंह राठौड़, उपायुक्त जोन 2 मुकेश बारेठ, तहसीलदारगण, अभियन्तागण, जेडीए अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, विशिष्टजन सहित कई जने उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने वक्फ सुधार बिल के फायदे गिनाए



जीवाणा में भाजपा के वक्फ सुधार अभियान के तहत जिला स्तरीय सम्मेलन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत जालोर जिले की जीवाणा मे आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई । वक्फ सुधार जागरण अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश प्रवक्ता जोगेंद्रसिंह सिलोर भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित,मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व विधायक पुराराम चौधरी रामलाल मेघवाल के उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित हुई।

जोगेंद्र सिंह सिलोर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 से न केवल वक्फ की संपत्तियों का सम्यक प्रबंधन सुनिश्चित होगा, बल्कि इससे वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता बढेगी और इन संपत्तियों का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे समाज के हर वर्ग के हितों का संरक्षण होगा।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि वक्फ सुधार बिल के कारण देश के मुस्लमान भाइयों और बहनों आर्थिक एवं सामाजिक विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग के लोगों के विकास के लिए अनेकों योजनाओं को क्रियान्वित कर रहे है।

इस अवसर पर तबस्सुम बानो ने कहा कि वक्फ सुधार बिल मुस्लिम समाज के हित में है इसको समझने का प्रयास करें लोग मुस्लिम समुदाय में भ्रान्ति फैला रहे है।

कार्यक्रम जिला संयोजक प्रकाश छाजेड ने धन्यवाद दिया एवं सभी मंडलों पर मंडल कार्यशाला करवाने का आग्रह किया।

इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, मंगल सिंह सिराणा, खेमराज देवासी, पुखराज राजपुरोहित,भवानी सिंह बाकरा, भूपेंद्र देवासी, भेरूदान चारण, महेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष ओबाराम देवासी, गजेंद्रसिंह सिसोदियर, उदय सिंह दादाल, पीराराम गोरसिया सुशीला सेन, जिला इंद्र सिंह राणावत, जितेन्द्र सरगरा, चंद्रकांत सोनी, परिषद सदस्य जोगराज पुरोहित, रामप्रकाश चौधरी, पूर्व प्रधान चौथाराम कोली, मंडल अध्यक्ष तुलछाराम जीवाणा, नैनमल लखारा सायला,रवी सोलंकी जालोर,भवरसिंह जसवंतपुरा, रमेश चौधरी रानीवाडा, बलवंत पुरोहित बडगांव, प्रकाश जांगू करडा, प्रवीण दवे भवरदान, लूनियासर अमरसिंह तोडमी, महावीरसिंह गोदन, परबतसिंह भाडु, अर्जुनसिंह सरवाना, जसवंतपुरा सह संयोजक उमराव खान, मोहमद खान, तगेखान, लतीफ खान, साहेब खान, सताराखान, मेहबूब खान, बिलाल खान, कोजे खान, हाजी हनीफ खान, जमाल खान, दिनो खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आसाणा में लावण्य जैन भवन का उद्घाटन

सायला, (निसं)। सायला के प्ज्ञस आसाणा में साध्वी लावाण्य की पुण्य स्मृत्ति में नूतन निर्मित राजेन्द्र जयन्त शान्ति लावण्य जैन भवन का उद्घाटन सोमवार को पुण्य सम्राट विजय जयंतसेन सूरी के पट्टधर गच्छाधिपत्ति नित्यसेन सूरी एवं भाण्डवपुर तीर्थोदधारक आचार्य जयरत्न सूरी की शुभ प्रेरणा से एवं कार्यदक्ष मुनिराज आनन्द विजय व मुनिराज पुष्पदन्त विजय की शुभ निश्रा में सम्पन्न हुआ।

प्रातः 8.30 बजे शांतिनाथ पंचतीर्थी का गाजे बाजों के साथ प्रवेश करवाया गया। तत्पश्चात श्री स्नात्र पूजा पढाने के बाद श्री जिनेन्द्र वास्तु पूजा प्रारंभ की गई। सायला से आई बालिका मण्डल ने प्रेमा बेन गांधीमुथा, अध्यक्ष राष्टीय महिला परिषद के निर्देशन में पूजा संचालित की। मुकेश भाई ने संगीत पार्टी के साथ संगीतमय पूजा ढाल गाई।

जैनमुनि आनन्द विजय ने चौहटे पर सर्वसमाज में प्रवचन दिया। जिस में मनुष्य जन्म की दुर्लभता पर प्रकाश डाला। यम-नियमपूर्वक जीवन जीने की शिक्षा दी। सप्ताह भर पूर्व आसाणा में आयोजित होने वाले सार्वजनिक आयोजनों में बिडी-सिगरेट एवं अमल (अफीम) के उपयोग पर 36 कौम द्वारा प्रतिबंध लगाने की अनुमोदना की। साथ ही आसाणा प्रवासी जैन संघ एवं मांगीलाल वालाजी गांधीमुथा के सद्प्रयासों से निर्मित धर्मशाला साधु-साध्वी के विश्राम हेतु बनाने की भी अनुमोदना की। विजय मुहूर्त में दार्शनिक पार्श्वनाथ, राजेंद्रसूरी, पुण्यसम्राट की लघु मूर्ति स्थापित कर घटस्थापना भी की गई। आसाणा के चक्रवर्तिसिंह, महिपालसिंह व लोगों ने आसाणा ग्राम में जैन धर्मशाला बनाने के लिए प्रवासी जैन संघ को धन्यवाद दिया।

# स्वास्थ्य केंद्र सांकड़ व सरनाउ का निरीक्षण



जालोर सी.एम.एच.ओ. डॉ.भैराराम जाणी ने सांकड़ व सरनाउ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिले में बढ़ती गर्मी और संभावित लू तापघात के खतरे को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी ने सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकड़ और सरनाउ का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों का जायज़ा लेकर लू से बचाव और उपचार के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ जाणी ने हिट स्ट्रोक से प्रभावित व्यक्तियों लिए पर्याप्त बेड की उपलब्धता, शीतल पेयजल की व्यवस्था, ओआरएस की उपलब्धता, पंखों और कूलरों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि गर्मी के दौरान आने वाले किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहें और आवश्यक दवाइयों एवं सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी ने आमजन से अपील की कि अत्यधिक गर्मी में दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें, हल्के कपड़े पहनें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और ओआरएस या नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें। साथ ही लू के लक्षण जैसे तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर आना या बेहोशी की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

जाणी ने सांचौर ब्लॉक समीक्षा बैठक में समस्त चिकित्सा संस्थानों पर कार्यरत कार्मिकों और सांचौर की ब्लॉक स्तरीय मीटिंग में मौजूद सभी स्वास्थ्य कर्मियों को भी हिट वेव के दौरान सतर्क रहने और संपूर्ण तैयारी रखने के निर्देश देने के साथ ही हीटस्ट्रोक के मरीज आने पर किए जाने वाले प्राथमिक उपचार और टेको पद्धति से उपचार करने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। वही घर से बार जाते समय शरीर को ढक कर रखें और हल्के आरामदायक कपड़े पहने। धूप में बाहर जाते समय छाता और आंखों पर धूप का चश्मा लगाएं।थोड़े थोड़े समयांतराल पर तरल पदार्थ जैसे शीतल जल, नींबू पानी, शिकंजी, नारियल पानी, इत्यादि पीते रहें। घर, कार्यस्थल आदि स्थानों पर सूर्य की सीधी रोशनी को रोकने के लिए पर्दा आदि का प्रबंध करें। जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें। बच्चे, बीमार और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। हिट स्ट्रोक के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी राजकीय स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। अत्यधिक गर्मी दोपहर 12 से 4 बजे के मध्य बाहर धूप ने न जाएं। अत्यधिक प्रोटीनयुक्त भोजन व बासी भोजन का सेवन न करें। धूप में खड़ी गाड़ियों में बच्चों ओर पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें। गहरे और चटक रंग के कपड़े न पहने। बंद एवं अत्यधिक गर्मी वाले स्थान पर भोजन न बनाएं। शराब, चाय, कॉफी, कार्बोहाइड्रेट, सॉफ्ट ड्रिंक आदि का सेवन न करें।

## बस ट्रक से टकराई, एक की मौत व 20 घायल

पाली,(नि.सं.)। पाली के गुड़ा एंद ला थाना के अंतर्गत करवा के निकट आदिनाथ रामदेव होटल के पास जोधपुर से पुणे जा रही बस टैंकर से टकरा गई, जिससे बस में अफ़रा तफ री मच गई और करीब 20 यात्री घायल हो गए और एक जने की मौत हो गई,

घायलों को बांगड़ अस्पताल लाया गया, गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गयां हादसे की खबर सुनकर जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, एसपी चुन्नीलाल जाट ने अस्पताल पहुंचकर घायलों की जानकारी ली। लोगों की सूचना पर गुड़ा एंदला एस एच ओ कपूराराम ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। बांगड़ हॉस्पिटल में सीओ सिटी कोतवाल अनिल बिश्नोई मय जापाता बांगड़ अस्पताल पहुंचे।

## भाजपा की कार्यशाला हुई

पाली, (नि.सं.)। भाजपा पाली की ओर से वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर प्रजापत छात्रावास मे कार्यशाला आयोजित हुई।

जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी ने बताया कि कार्यशाला को प्रमुख वक्ता राजेंद्र गहलोत सहित कई जनों ने संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनिल भंडारी, विधायक केसाराम चौधरी पुर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व उर्दू अकादमी अध्यक्ष अशरफ अली जहीर मकरानी, जिला प्रभारी अल्पसंख्यक हाकम खान, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, अजीत कोहिनूर, मुन्ना मकरानी, कार्यक्रम संयोजक मोहन जाट, शक्ति सिह चौहन, पुर्व विधायक संजना आगरी, घीसुलाल मेघवाल, नारायण कुमावत, महावीर सिंह, रामकिशोर साबू आदि उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाए

जोधपुर, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सोमवार को प्राधिकरण की भूमि ठाम मण्डोर में लालसागर जीएसएस की चारदीवारी में किए गए अतिक्रमणों को ध्वस्त किया।

प्राधिकरण सचिव भागीरथ बिश्नोई के आदेशानुसार उपायुक्त जोन 6 दिनेश कुमार मीणा, मुख्य नियंत्रक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनीता एवं तहसीलदार जोन-06 प्रतिज्ञा सोनी के निर्देशन में जेडीए दस्ते द्वारा प्राधिकरण की भूमि ठाम मण्डोर के ख.सं. 1893 का मौका निरीक्षण किया गया। जेडीए दस्ते द्वारा निरीक्षण करते हुए लालसागर जीएसएस की चारदीवारी के अन्दर लगभग 80 गुणा 140 फीट में लोहे की फेंसिंग तारबंदी मय पत्थर की पट्टियां, फाचरां का ढालिया एवं चारदीवार पर लोहे का गेट लगाकर किए गए अनाधिकृत अतिक्रमणां को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर हटाया जाकर अतिक्रमण मुक्त किया गया, साथ ही जेडीए दस्ते द्वारा आरवीपीएन के अभियन्ता को मौके पर कब्जा सुपुर्द भी किया गया। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, जोगेन्द्रसिंह चौधरी, भू-अभिलेख निरीक्षक अर्जुनसिंह, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, योगेश गहलोत, पटवारी विकास धायल व राहुल कुमार, थानाधिकारी मण्डोर मय जाब्ता एवं जेडीए दस्ता मौजूद रहा।

## समीक्षा की

पाली, (नि.सं.)। कलैक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ बजरंग सिहं की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अतिरिक्त कलैक्टर सिंह ने बजट घोषणाओं, भूखण्ड आंवटन, फलैगशिप योजनाओं की जानकारी, हीटवेव के बारे में तैयारी की जानकारी लेकर निर्देश दिये।

# जनसंख्या नियंत्रण का कानून लागू हो : तोगड़िया



अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया का पाली के सूरजपोल चौराहे सहित धोला चोतरा स्थित कुम्हारों का बास में स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया सोमवार को पाली पहुंचे। सूरजपोल चौराहे पर उनका स्वागत किया गया। उसके बाद वे धोला चोतरा स्थित कुम्हारों का बास गए। जहां आयोजित प्रोग्राम में उनका क्षेत्रवासियों ने चम्पालाल प्रजापत के नेतृत्व में अभिनंदन किया।

इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण का कानून सभी पर सम्मान रूप से लागू हो इस पर काम होना चाहिए। उन्होंने सभी हिन्दू संगठनों का एक ही उद्देश्य से काम कर रहे है और देश हित में काम कर रहे है।

उन्होंने कहा कि कुंभ में उनके संगठन ने पांच लाख लोगों के रहने और खाने की व्यवस्था करने का नेक काम किया जो आगे भी जारी रहेगा।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिन्दुओं की जनसंख्या कम हो रही है। इस पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के हर गांव में हनुमान चालीसा केंद्र की स्थापना होनी चाहिए। हिन्दुओं को चाहिए की वे मंगलवार या शनिवार को घर से बाहर निकल धार्मिक स्थलों पर जाए। हनुमान चालीसा का पाठ करे।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश में घुसपैठ करके आए बांग्लादेशियों को निकाला जाए। समान नागरिक कानून बनाया जाए। बंगाल हो या बांग्लादेश कही पर भी हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हिन्दुओं की हेल्प के लिए उनकी ओर से 24 घंटे हेल्प लाइन संचालित की जा रही है। जिसके जरिए जरुरतमंदरों को अनाज दिया जा रहा है। इलाज के लिए प्राइवेट डॉक्टर की व्यवस्था की जा रही है। निशुल्क एडवोकेट की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही महिला सुरक्षा, स्वस्थ रहने और रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इनके साथ भंवरलाल लखारा और जोधपुर के भंवरलाल चौधरी, हिमाचल की रजनी ठकराल भी साथ थे। हिंदू संगठन के रतन प्रजापत, मोहन प्रजापत, दिनेश डूंगरी, राजेंद्र आदि ने माला व साफा पहना स्वागत किया।

## सिलोर का स्वागत

सायला, (निसं)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जोगेन्द्र सिंह सिलोर के सायला आगमन पर भाजपा मंडल सायला द्वारा अध्यक्ष नैनमल लखारा के नेतृत्व में साफा, माला एवं पार्टी का दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया गया।

प्राप्त जानकारी के नुसार इस मौके प्रदेश प्रवक्ता सिलोर ने कार्यकर्ताओं को पार्टी हित को सर्वोपरी रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, जीवाणा मंडल अध्यक्ष दशरथसिंह भाटी, नरपतसिंह, रणछोडसिंह, रविराज, अशोक कुमार समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पश्चिम बंगाल की हिंसा का विरोध

पाली, (नि.सं.)। पश्चिम बंगाल की घटनाओं पर उचित कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को पाली शहर के बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर इकट्ठे होकर ममता बनर्जी हाय हाय हिंदू एकता जिंदाबाद के नारे लगाकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

विश्व हिंदू परिषद के परमेश्वर जोशी के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्टर पर दर्जनों कार्यकर्ता एकत्रित हुए। ज्ञापन में बताया कि वक्फ कानून की आड़ में पूरे बंगाल को जिस तरह हिंसा की आग में जलाया जा रहा है। हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों का निर्बाध रूप से अपने षड्यंत्र को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यंत चिंता जनक है। मुर्शिदाबाद से प्रारंभ हुई यह हिंसा अब पूरे बंगाल में खेलती हुई दिखाई दे रही है। राष्ट्रपति से निवेदन है कि हस्तक्षेप कर यहां राष्ट्रपति शासन लगाकर जनता को राहत दिलवाए

इस मौके पर विहित के परमेश्वर जोशी, भीमराज चौधरी, हीरालाल व्यास, राकेश भाटी, रामकिशोर साबू, मुकेश सेन, मुकेश जावा, सहित बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह रामासिया का निरीक्षण

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली विक्रम सिंह भाटी द्वारा रिद्धी सिद्धी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह, रामासिया की विजिट की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिव विक्रम सिंह भाटी द्वारा आश्रम में भोजन-पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पुनर्वास करने की प्रक्रिया इत्यादि के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान रसोई की सफाई, कमरों की सफाई, स्नानघर एवं शौचालयों की साफ-सफाई, मौसम के अनुकूल व्यवस्था उचित पाई गई।

पुनर्वास गृह में बालकों को संतुलित पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जाता है। केयरटेकर श्रीमति निकी सागर ने बताया कि पुनर्वास गृह में मन्दबुद्धि बच्चों के आवास, भोजन, शिक्षण एवं योगा की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध हैं। सचिव भाटी ने पुनर्वास गृह से मानसिक विमंदित बच्चों के पुनर्वास के संबंध में भी जानकारी ली।

साथ ही पुनर्वास गृह में मिलने वाली सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं तक बालकों की पहुंच सुगम रखने, समय-समय पर बालकों की चिकित्सकीय जांच करवाने तथा बच्चों के रूचि अनुरूप गतिविधियां करवाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुनर्वास गृह प्रबंधक निकी सागर, नर्सिंग स्टाफ राजबहादुर आदि उपस्थित रहे।

## बांगड़ में सखी वन स्टॉप सेंटर का जायजा लिया

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली विक्रम सिंह भाटी ने राजकीय बांगड़ चिकित्सालय, पाली में संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का औचक निरीक्षण किया।

सचिव भाटी द्वारा केन्द्र प्रबन्धक सुश्री देवी बामणिया से सखी वन स्टॉप सेन्टर पर पीड़िताओं के लिये आवासीय सुविधाओं इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। केन्द्र में घरेलू हिंसा पीड़ितों के लिए अस्थाई आवास की सुविधा उपलब्ध है।

निरीक्षण के दौरान सखी वन स्टॉप सेन्टर के रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। केन्द्र पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा में पाया गया कि केन्द्र द्वारा सक्रिय व प्रभावी रूप से कार्य किया जा रहा है।

सेन्टर पर सहायता के लिए पीड़ित महिलाओं को प्रदान की गई सहायता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। काउंस.लिंग के लिए पीड़ित महिला को हर संभव सहायता प्रदान करने एवं विधिक सहायता अपेक्षित होने पर निःशुल्क विधिक सहायता के लिए प्राधिकरण को आवेदन पत्र प्रेषित किये जाने के संबंध में सचिव भाटी द्वारा केन्द्र प्रबन्धक को निर्देश दिये गये।

वन स्टॉप सेन्टर के विभिन्न रजिस्टरों एवं पत्रावलियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए एवं विगत माह के आंकडे एकत्रित किए। दौराने निरीक्षण केन्द्र प्रबन्धक देवी बामणियां,, सुश्री सोनिया जोशी आदि उपस्थित रही।